भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1104

उत्तर देने की तारीख 10 फरवरी, 2022

21 माघ, 1943 (शक)

खेलों में व्याप्त कमियों को दूर करना

1104. श्री नीरज डांगी :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए आवंटित निधि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या खेलों में व्याप्त कमियों को दूर करने के लिए कोई अध्ययन करवाया गया है; और

(ग) अंतरराष्ट्रीय खेल कार्यक्रमों में भारत का प्रदर्शन सुधारने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा निधियां स्कीम-वार आवंटित की जाती हैं, राज्य-वार नहीं । पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल विभाग की विभिन्न स्कीमों के तहत आवंटित धनराशि का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है ।

खेलो इंडिया स्कीम का "ग्रामीण और देशज/ जनजातीय खेलों का संवर्धन" घटक विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए है । पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इस घटक के तहत जारी की गई धनराशि का ब्यौरा निम्नानुसार है :

(करोड़ रु.)

घटक	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**कुल**
देशज/ जनजातीय खेलों का संवर्धन	3.36	11.75	8.09	5.63	28.83

(ख) अंतरराष्ट्रीय मानकों और प्रतिस्पर्धा के अनुसार विभिन्न खेल विधाओं के खिलाड़ियों की तैयारी के स्तर का मूल्यांकन करने के लिए विभिन्न अध्ययन किए गए हैं । भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) डिवीजन में एक समर्पित अनुसंधान दल अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धियों की तुलना में भारतीय एथलीटों के प्रदर्शन बेंचमार्क, उच्च प्रदर्शन, आयु और प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए समय-समय पर प्रत्येक खेल विधा के लिए वैश्विक प्रतिस्पर्धियों का व्यापक अध्ययन करता है । इसके अलावा, खिलाड़ी प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के दौरान अपने शरीर की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वस्थ रहने के लिए राष्ट्रीय कोचिंग शिविरों और साई के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) में वैज्ञानिक परीक्षण भी कराते हैं । इन उपायों को अपनाने से खिलाड़ियों को चोट नहीं लगती और वे प्रशिक्षण और प्रतियोगिता पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकते हैं ।

(ग) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने साई के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में देश के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए कई पहलें की हैं :

(i) <u>राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता की स्कीम</u> : सरकार राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को सहायता की स्कीम के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करके प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं जैसे ओलंपिक खेलों, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों आदि के लिए तैयारी कर रहे उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सहायता प्रदान करती है । राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता की स्कीम के तहत अभिज्ञात होनहार खिलाड़ियों/ टीमों को उनकी तैयारी के लिए विदेशों में उनके प्रशिक्षण और भारत तथा विदेशों में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता के लिए वित्तीय सहायता के अलावा पौष्टिक आहार, उपकरण, अत्याधुनिक अवसंरचना, आवास, यात्रा सुविधाएं, प्रतिष्ठित भारतीय और विदेशी कोचों/ सहायक स्टाफ की सेवाओं, वैज्ञानिक और चिकित्सा सहायता, खेल किट, आदि सहित सभी अपेक्षित सुविधाएं प्रदान की जाती हैं

(ii) टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) : टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) के तहत, भारत सरकार भारत के शीर्ष एथलीटों को ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की तैयारी में सहायता प्रदान करती है । चयनित एथलीटों को कस्टमाइज्ड प्रशिक्षण तथा ऐसी अन्य सहायता जो मंत्रालय की सामान्य स्कीमों के तहत उपलब्ध नहीं है, के लिए एनएसडीएफ से वित्त पोषण के माध्यम से सहायता प्रदान की जाती है । कोर ग्रुप के एथलीटों को 50,000/- रु. प्रति माह की दर से आउट ऑफ पॉकेट भत्ता (ओपीए) का भुगतान किया जाता है । वर्तमान में इस स्कीम के तहत कोर ग्रुप के रूप में 109 वैयक्तिक एथलीटों का चयन किया गया है ।साथ ही, टीओपीएस के तहत विकास समूह के अंतर्गत भारत की ओलंपिक तैयारी के लिए एक संकेंद्रित दृष्टिकोण सुनिश्चित किया गया है । इस समूह के तहत 244 सर्वश्रेष्ठ खेल प्रतिभाओं की पहचान का कार्य पूरा कर लिया गया है, और राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) में प्रति माह 25,000/- रु. का ओपीए और कस्टमाइज्ड प्रशिक्षण सहायता प्रदान की जा रही है ।

(iii) साई 8 से 25 आयु वर्ग के प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान करने और उनका पोषण करने के लिए देशभर में विभिन्न खेल संवर्धन स्कीमों को लागू करता है जिससे वे राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें ।

(iv) ओलंपिक और अन्य अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एथलीटों को प्रशिक्षित करने हेतु साई ने अत्याधुनिक अवसंरचना और खेल सुविधाएं, खेल विज्ञान बैकअप, प्रशिक्षित आहारविदों द्वारा निर्धारित खुराक, सर्वश्रेष्ठ और योग्य सहायक स्टाफ तथा उच्च प्रदर्शन निदेशकों के समग्र पर्यवेक्षण के तहत उदीयमान खिलाड़ियों को विशिष्ट प्रशिक्षण देने के लिए देशभर में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) की स्थापना की है । वर्तमान में 23 साई केंद्र कार्यशील हैं ।

(v) साई के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) भारत में सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध प्रतिभाओं के लिए नियमित कोचिंग कैंप के रूप में कार्य करते हैं और संभावित समतुल्य खिलाड़ी तैयार करते हैं जिससे राष्ट्रीय टीमों में चयन के लिए प्रतिभा और निरंतरता की व्यापक गुंजाइश रहती है तथा चयन के लिए दूसरा और तीसरा विकल्प मौजूद रहता है ।

****

खेलों में व्याप्त कमियों को दूर करना के संबंध में श्री नीरज डांगी द्वारा दिनांक 10.02.2022 के लिए पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1104 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

(करोड़ रु.)

क्र. सं.	**स्कीम**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**
1.	भारतीय खेल प्राधिकरण (साई)	395.00	615.00	612.21	660.41
2.	लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई)	45.00	50.00	45.00	55.00
3.	राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल)	7.50	4.50	13.47	12.00
4.	राष्ट्रीय डोप-रोधी एजेंसी (नाडा)	10.00	8.50	9.00	10.00
5.	विश्व डोप-रोधी एजेंसी (नाडा)	1.00	1.00	10.00	2.50
6.	राष्ट्रीय खेल विज्ञान और अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर)	28.00	45.00	6.00	10.00
7.	राष्ट्रीय खेल प्रशिक्षण केंद्र (एनसीएससी)	2.00	5.00	2.00	2.00
8.	पूर्वोत्तर में राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय (एनएसयू)	25.00	50.00	6.72	51.72
9.	विशेष नकद पुरस्कार	31.00	62.00	16.00	38.00
10.	पुरस्कार	2.00	2.00	7.50	
11.	मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन	30.00	47.00	14.00	15.00
12.	राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता	245.13	300.85	132.00	280.00
13.	खेलों में मानव संसाधन विकास (एचआरडीएस)	5.00	5.00	1.00	3.80
14.	राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ)	2.00	77.15	7.23	25.00
15.	पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय खेल कल्याण कोष (पीडीयूएनएसडब्ल्यूएफ)	1.80	2.00	2.00	2.00
16.	खेलो इंडिया	500.09	578.00	328.77	657.71
17.	राष्ट्रमंडल खेल - साई स्टेडियम नवीनीकरण	0.50	96.00	75.00	30.00

18.	जम्मू-कश्मीर में खेल सुविधाओं का संवर्धन	50.00	50.00	25.00	50.00
19.	हिमालय क्षेत्र खेल महोत्सव	0.10	0.00	0.00	0.00
20.	संगोष्ठी, समिति आदि।	0.40	1.00	0.50	1.00
	कुल	**1381.52**	**2000.00**	**1313.40**	**1906.14**

*****